प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 12.08.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. कोलकाता में डॉक्टर की रेप के बाद हत्या के विरोध में आज प्रदेश के रेजिडेंट डॉक्टर्स ने जताया रोष : डॉक्टर्स ने सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की मांग की।
2. सुप्रीम कोर्ट ने आज कैदियों की क्षमा याचिकाओं पर निणय लेने में देरी के मामले पर सुनवाई करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को लगाई फटकार।
3. ग्रेटर नोएडा में 25 से 29 सितंबर तक होगा यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो के दूसरे संस्करण का आयोजनः प्रदेश के क्राफ्ट और कल्चर से पूरी दुनिया होगी रूबरू।
4. सावन के चौथे सोमवार पर शिवालयों में उमड़े भक्त : बाराबंकी के लोधेश्वर महादेव मंदिर में दो लाख से अधिक भक्तों ने किया जलाभिषेक। और
5. विश्व हाथी दिवस पर आज दुधवा टाइगर रिजर्व में हाथियों के लिये आयोजित हुई दावत : विभिन्न प्रकार के फल, मिष्ठान समेत खिलाया गया गन्ना।

————————————

कोलकाता में डॉक्टर की रेप के बाद हत्या के विरोध में आज प्रदेश के चार हजार से अधिक रेजिंडेंट डॉक्टर्स ने घटना पर कड़ा रोष जताया। फेडरेशन ऑफ़ आल इंडिया रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन के हड़ताल के आह्वान का

उत्तर प्रदेश रेजिडेंट डॉक्टर एसोसिएशन ने समर्थन किया। इसके चलते लखनऊ के किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय, रायबरेली एम्स, गोरखपुर मेडिकल कॉलेज समेत अन्य मेडिकल कॉलेजों में रेजिडेंट डॉक्टर्स ने प्रदर्शन कर सरकार से ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए उचित कदम उठाने की मांग की। हालांकि, ज्यादातर जगहों पर ओपीडी और इमरजेंसी सेवाएं प्रभावित नहीं हुई। लखनऊ के किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय के रेजिडेंट डॉक्टरों ने परिसर में मार्च निकालकर प्रदर्शन किया। डॉक्टरों ने कहा कि मेडिकल क्षेत्र में कार्यरत महिला डॉक्टर और महिला कर्मचारी असुरक्षित महसूस कर रही हैं। इसके लिए सरकार तत्काल ही सेंट्रल प्रोटेक्शन एक्ट को लागू कराये। केजीएमयू के प्रवक्ता डॉ सुधीर सिंह ने बताया कि यूनिवर्सिटी में किसी भी प्रकार की हड़ताल नहीं हुई है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि इस दु:ख की घड़ी में वह डॉक्टरों के साथ खड़े हैं। बाइट.......

*बहुत ही दु:खद है हमारी पूर्व सरकार पीड़ित परिवार के साथ है और हम पूरे प्रदेश के चिकित्सकों के साथ खड़े हैं।*

———————————

सुप्रीम कोर्ट ने जेलों में बंद कैदियों की क्षमा याचिकाओं पर निणय लेने में देरी के मामले पर सुनवाई करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को फटकार लगाई है।

जस्टिस एएस ओका की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि हमारे आदेश के बावजूद उसकी अवहेलना करते हुए क्षमा याचिकाओं पर निर्णय नहीं लिया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार के वकील को निर्देश दिया कि वह हलफनामा दाखिल कर उन अधिकारियों के नाम बताएं, जिन्होंने फाइलें लेने से इनकार कर दिया।

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमारे आदेश में साफ था कि इस मामले में आचार संहिता आड़े नहीं आएगी। कोर्ट ने कहा कि आप हर मामल में हमारे आदेशों की अवहेलना कैसे कर रहे हैं। इस मामले में कोर्ट ने पिछले सप्ताह उत्तर प्रदेश के कारागार विभाग के प्रमुख सचिव को अदालती आदेशों का पालन न करने पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पेश होने का निर्देश भी दिया था।

——————————

उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी के दूसरे संस्करण का आयोजन आगामी पचीस से उनतीस सितंबर तक होगा। इंडिया एक्सपो मार्ट ग्रेटर नोएडा में होने वाले इस आयोजन को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल लखनऊ में अधिकारियों के साथ बैठक कर के तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह प्रदेश की ब्रांडिंग का बेहतरीन अवसर है। उत्तर प्रदेश अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश के क्राफ्ट और कल्चर का पूरी दुनिया साक्षात्कार करेगी। इसका पहला संस्करण पिछले

वर्ष आयोजित किया गया था, जिसमें दो हजार प्रदर्शक और सात देशों से आये पांच सौ से अधिक प्रतिनिधियों समेत तीन लाख से अधिक लोग शामिल हुए थे। इसका दूसरा संस्करण सोर्सिंग का अद्वितीय मंच थीम पर आधारित होगा। मुख्यमंत्री में बताया कि इस वर्ष ट्रेड शो में वियतनाम पार्टनर कंट्री के रूप में सहयोग कर रहा है।

—————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्च शिक्षण संस्थानों में अगले दस वर्षो में नामांकन दर पचास प्रतिशत तक बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। कल लखनऊ में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन और भावी योजनाओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों मे नामांकन दर लगभग पच्चीस प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि एक जिला एक विश्वविद्यालय के लक्ष्य के साथ नामांकन दर बढ़ाने पर भी कार्य किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री ने माध्यमिक विद्यालयों में पाठ्यक्रमों का भार कम करने, मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालयों के निर्माण कार्य में तेजी लाने और आजमगढ़ स्थित महाराजा सुहेलदेव विश्वविद्यालय में राहुल सांकृत्यायन के नाम पर शोधपीठ बनाने के निर्देश दिये हैं।

—————————

सुल्तानपुर की एमपी एमएलए कोर्ट के विशेष मजिस्ट्रेट के अवकाश पर होने के कारण आज राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के मामले में सुनवाई नहीं हो सकी। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 23 अगस्त की तिथि तय की है। इससे पहले 26 जुलाई को राहुल गांधी कोर्ट में पेश हुए थे, जहां उनका बयान दर्ज हुआ था। गौरतलब है कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी पर साल 2018 में कर्नाटक विधानसभा चुनाव के दौरान दिए गए बयान को लेकर मामला दर्ज किया गया था। तत्कालीन बीजेपी अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी का आरोप लगाते हुए बीजेपी नेता विजय मिश्रा ने मानहानि का केस दर्ज कराया था।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

और अब वक्त है एक ब्रेक का

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिये प्रदेश में भाजपा युवा मोर्चा की ओर से आज तिरंगा यात्राएं निकाली गई। कौशांबी मे आज भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मराज मौर्य के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने तिरंगा यात्रा निकाली। हापुड में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने लोगों से तिरंगा फहराने का आह्वान किया। हमीरपुर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वच्छता अभियान चलाया और मोटरसाइकिल तिरंगा यात्रा निकाली।

——————————

आज सावन का चौथा सोमवार है। आज भोर से ही सभी प्रमुख शिवालयों पर श्रद्धालुओं की लम्बी कतार देखी जा रही हैं। वाराणसी के काशी विश्वनाथ मंदिर में जलाभिषेक के लिये कई राज्यों से श्रद्धालु पहुंचे हैं। सावन के चौथे सोमवार पर बाबा विश्वनाथ का रूद्राक्ष श्रृगांर किया गया है। अयोध्या, बस्ती, संतकबीरनगर, गोरखपुर, बाराबंकी, अमरोहा और देवरिया सहित प्रदेश के सभी जिलों के प्रमुख शिव मंदिरों में शिव भक्त दर्शन–पूजन और जलाभिषेक कर रहे हैं। इस बीच, प्रदेश में कांवड़ यात्राओं का सिलसिला भी जारी है। बाराबंकी के लोधेश्वर महादेव मंदिर में आज दो लाख से अधिक भक्तों ने जलाभिषेक किया। पेश है हमारे प्रतिनिधि की रिपोर्ट...........

*भोलेनाथ को समर्पित श्रावण मास के चौथे सोमवार को आज जनपद में शिव भक्तों का सैलाब उमड़ा। शिव भक्त जलाभिषेक के लिए रविवार से ही रामनगर स्थित लोधेश्वर महादेव मंदिर में पहुंचना शुरू हो गए थे। वहीं बिठूर से गंगाजल भरकर कावड़ियों के जत्थे बारिश के बावजूद बम बम भोले की जयकार लगाते हुए ऐतिहासिक महादेव मंदिर पहुंचे। भारी भीड़ को देखते हुए रात 12:15 पर ही मंदिर के द्वार खोल दिए गए थे। भारी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज 2 लाख से अधिक शिव भक्तों ने लोधेश्वर महादेव मंदिर में जलाभिषेक कर मनोकामना की। 40 सीसी कैमरों से लोधेश्वर महादेव मंदिर परिसर में चप्पे चप्पे पर निगरानी बरती जा रही है। आकाशवाणी के लिए बाराबंकी से परवेज़ अहमद।*

—————————

आज विश्व हाथी दिवस के मौके पर लखीमपुर खीरी के दुधवा टाइगर रिजर्व में हाथियों के लिये दावत का आयोजन किया गया। दुधवा टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर रंगाराजू टी की मौजूदगी में आज दुधवा के सलूकापुर और छंगानाला में पालतू हाथियों को विभिन्न प्रकार के फल, मिष्ठान और गन्ना परोसा गया। इस अवसर पर हाथियों पर मनमोहक रंगोली बनाई गई। हाथियों के संरक्षण और उनसे जुड़ी चुनौतियों के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है।

—————————

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय ने आज पूरे देश में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ एक सामूहिक रूप से प्रतिज्ञा लेने का कार्यक्रम आयोजित किया। इसी क्रम में बदायूँ में केंद्रीय

राज्यमंत्री  बी०एल० वर्मा ने लोगों को मादक पदार्थों का उपयोग न करने की शपथ दिलाइ। हमीरपुर और हरदोई में नशे से होने वाले नुकसान के बारे में बताया।

(समाप्त)